# ड्रग्स तस्करी में चोरी के वाहन खरीदने वाली गैंग पुलिस गिरफ्त में आई

## लग्जरी वाहन खरीदने वाले दो दलाल और तीन खरीदार गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने विधायकपुरी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ड्रग्स तस्करी में चोरी के वाहन खरीदने वाली गैंग के दो दलाल सहित पांच लोगों को धर-दबोचा है। जिसमें तन तीन खरीदार भी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की दो लग्जरी चौपहिया वाहन और वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन सहित खरीदारी के 3.84 लाख रुपये भी बरामद किए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ सामने आया कि तस्कर 25 लाख की लग्जरी कारों को चार लाख रुपये में खरीदते है। साथ ही चोरी की लग्जरी कारों से मध्यप्रदेश से लेकर पंजाब तक ड्रग्स की सप्लाई करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन सहित खरीदारी के 3.84 लाख रुपये बरामद
- चोरी की लग्जरी कारों से मध्यप्रदेश से लेकर पंजाब तक करते है ड्रग्स की सप्लाई
- पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातों का खुलासे होने की आशंका

जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने विधायकपुरी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ड्रग्स तस्करी में चोरी के वाहन खरीदने वाली गैंग के दो दलाल सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने विधायकपुरी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ड्रग्स तस्करी में चोरी के वाहन खरीदने वाली गैंग के दलाल नरेन्द्र उर्फ नरेश निवासी बार जिला ब्यावर, सोनू काठात निवासी ब्यावर सहित खरीददार जमनालाल जाट निवासी भीलवाड़ा, संजय सिंह निवासी अजमेर और मुकेश जाट निवासी भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की दो लग्जरी चौपहिया वाहन और वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन सहित खरीदारी के 3.84 लाख रुपये भी बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित चोरी की लग्जरी कारों को वाहन चोरों सेखरीदकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के काम में प्रयोग ली जाती है। उसके बाद आरोपितों चोरी के वाहनों से मध्य प्रदेश से पंजाब, पश्चिमी राजस्थान में अवैध मादकपदार्थों की सप्लाई करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# राम सिंह चन्दलाई पैनल राजपूत सभा चुनाव में भारी मतों से विजयी हुआ

श्री राजपूत सभा जयपुर का त्रि-वार्षिक चुनाव श्री राजपूत सभा जगतपुरा छात्रावास पर आयोजित हुए।

**जयपुर।** श्री राजपूत सभा जयपुर का त्रि-वार्षिक चुनाव 13 अप्रैल को प्रात 8 से सायं 5 बजे तक चुनाव अधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह चौहान, सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजस्थान की देखरेख में श्री राजपूत सभा जगतपुरा छात्रावास पर हुए।

श्री राजपूत सभा के क्षेत्राधिकार में आने वाले 12 जिलों यथा जयपुर शहर व ग्रामीण, सीकर, झुंझुनूं, टोंक, दौसा, अजमेर, सवाई माधोपुर, अलवर, धौलपुर, भरतपुर व करौली के आजीवन सदस्य एवं विधानसभा क्षेत्रवार, 60750 साधारण सदस्यों द्वारा चयनित प्रतिनिधिगणों ने चुनाव में हिस्सा लिया।

इस चुनाव में 4287 मतपत्रों पर प्रत्येक मतदाता ने 21 लोगों (6 पदाधिकारी एवं 15 कार्यकारिणी सदस्य) के लिए मतदान किया। इस प्रकार कुल मतदान 74479 हुआ। जिसकी मतगणना 14 अप्रैल को प्रात 9 बजे से सांय 4 बजे तक सम्पन्न हुई। मतगणना पर राम सिंह चन्दलाई पैनल को 47218 मत एवं अन्य निकटतम पैनल को 25210 मत प्राप्त हुये। तदोपरान्त चुनाव अधिकारी द्वारा राम सिंह चन्दलाई पैनल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण को निर्वाचित घोषित किया गया और विजेता पैनल को पद ग्रहण शपथ दिलवाई गई।

उनमें से कार्यकारी अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई, उपसभापति प्रताप सिह राणावत, महामंत्री धीर सिंह शेखावत, संगठन मंत्री अजयपाल सिंह पचकोड़िया, सहमंत्री पृथ्वी सिंह कालीपहाड़ी, कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह मूण्डरू, सदस्य अजय वीर सिंह जीरोता, अभय सिंह हाथोज, ऊधौ सिंह (एडवोकेट), गजराज सिंह कैलाई (एडवोकेट), गोपाल सिंह रोजदा, जोगेन्द्र सिंह सावरदा, महेन्द्र सिंह भंवरथला, मूल सिंह शेखावत, योगेन्द्र सिंह मेघसर, लोकेन्द्र सिंह लोटवाडा, वीरेन्द्र पाल सिंह, श्रवण सिंह चौहान लवाण, डॉ. सुमन कंवर बाबरा, सुरेन्द्र सिंह नरूका (एडवोकेट), हर्षवर्धन सिंह शेखावत बनाया गया।

# देसी कट्टा सहित एक गिरफ्तार



जयपुर कमिश्नरेट की ओर से शुरू हुए ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई कर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की ओर से शुरू हुए ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) तहत मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई कर एक बदमाश को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध हथियार देसी कट्टा मय एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। साथ ही उसके तीन साथियों को भी पकड़ा है,जिन्होंने राहगीरों को डरा-धमकाकर लूट की वारदात की थी। फिलहाल पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) तहत कार्रवाई करते हुए भूपेन्द्र कुमार मीणा निवासी गंगापुर सिटी हाल दुर्गापुरा जयपुर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से देसी कट्टा मय एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं 13 अप्रैल 2025 को थाना इलाके में स्थित महिला सर्किल के पास से राहगीर को हथियार दिखा कर लूट की वारदात में मदद करने वाले जितेन्द्र बैरागी निवासी सवाई माधोपुर हाल मुहाना,आशिष जोगी निवासी सवाई माधोपुर हाल मुहाना और शिवम गुर्जर निवासी दौसा हाल मुहाना को भी पकडा है। वहीं गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियार के बारे में पूछताछ कर रही है।

- लूटपाट की वारदात में मदद करने वाले तीन साथियों को पकड़ा

# एक किलोग्राम गांजा सहित एक तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले की कालाडेरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 1.106 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त कर एक आरोपी को धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उप महानिरीक्षक और जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि कालाडेरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सांसी मोहल्ला डाबर कॉलोनी कालाडेरा में दबिश देकर नशा कारोबारी रामचंद्र सांसी(35) निवासी रोल जिला नागौर हाल कालाडेरा को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.106 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।



कालाडेरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## नशीली मिठाई खिलाकर सात साल तक नाबालिग से देहशोषण

**जयपुर।** तूंगा थाना इलाके में परिचित युवक ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित युवक ने नशीली मिठाई खिलाकर अश्लील वीडियो बना ली और अब अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर पिछले सात साल तक देह शोषण करता रहा है। इस संबंध में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि तुंगा की रहने वाली 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण आरोपी से बातचीत के साथ उसका घर पर आना-जाना था। आरोप है कि साल-2018 में नाबालिग होने के दौरान आरोपी उससे मिला और अकेला पाकर आरोपी ने मिठाई में नशा मिला खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने अपने मोबाइल में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो दिखाकर चुप करवा दिया। इसके बाद आरोपित ने अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पिछले सात साल से धमकाकर उसका देहशोषण करता रहा। इससे परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## गायत्री महायज्ञ में आज निकलेगी 1100 महिलाओं की मंगल कलशयात्रा

**जयपुर।** विश्व शांति और राष्ट्र जागरण के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगरा रोड स्थित ग्रीन पार्क पंचमुखी महादेव मंदिर में 15 से 19 अप्रेल तक 24 कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को स्थानीय लोगों के सहयोग से गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

कार्यक्रम संयोजक अनिल खंडेलवाल ने बताया कि गायत्री परिवार राजस्थान जोन के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सोमवार को यज्ञशाला, देव मंच को अंतिम रूप दिया गया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार के निर्देशन में रामकिशोर शर्मा, महावीर माहेश्वरी, ऋतिक खंडेलवाल सहित अन्य ने दिनभर श्रमदान किया। 15 अप्रेल को शाम चार बजे आगरा रोड पर बाल्टी फैक्ट्री के पास स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से गाजेबाजे और स्वरूप झांकियों के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। इसमें 1100 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती चलेंगी। कलश के ऊपर हरियाली बढ़ाने का संदेश देने के लिए ज्वारे होंगे। वहीं पुरुष कार्यकर्ता हाथों में पीले ध्वज और सद्वाक्य लिखी तख्तियां थामे जयघोष लगाते हुए चलेंगे। भारत माता, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई और महाराणा प्रताप की स्वरूप झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

## कर्नल को घर सूना छोड़ना महंगा पड़ा

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना में एक सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल को घर सूना छोडना उस समय महंगा पड गया जब चोरों ने उसके घर की रेकी कर चोरी कर फरार हो गए। पुलिस जांच में सामने आया कि लेफ्टिनेंट कर्नल परिवार सहित अपने गांव गए हुए था। इस दौरान छत के रास्ते घर में घुसकर चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी कर ले गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सबूत जुटाकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके के प्रताप लाइंस ऑफिसर्स एन्क्लेव निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रवीण कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी पत्नी लेफ्टिनेंट कर्नल ममता डिमरी को सरकारी आवास आवंटित किया गया है। जहां वह चार अप्रैल को छुट्टी पर अपने गांव रोहतक गए थे। पीछे से बदमाशों ने घर में छत के रास्ते घुसे बदमाश सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ले गए।

## सार-समाचार

### आवासन मंडल में अम्बेडकर जयंती मनाई

**जयपुर।** आवासन मण्डल मे अम्बेडकर जयंती मनाई अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी समन्वय परिषद राजस्थान आवासन द्वारा मण्डल मुख्यालय मे अम्बेडकर जयंती के पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे परिषद के प्रदेशाध्यक्ष अशोक सामरिया ने सभी को अम्बेडकर जयंती पर बधाई दी एवं कहा कि अम्बेडकर साहब ने अपने विचारो व योग्यता से पूरे दुनिया को प्रभावित किया है। इसी कारण आज के दिन बाबा साहेब को पूरे विश्व मे याद कर एक उत्सव के रूप मे जयंती को मनाई जाती है। इस अवसर पर मण्डल के मुख्य अभियन्ता टी.एस.मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता हंसराज दुपगा, आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रदीप शर्मा, सचिव गोविन्द नाटाणी, आवसीय अभियन्ता बी एल मीणा, जे सी गोधा, जे.पी.वर्मा. दानाराम गैवा, कैलाश मीणा, धनराज नायक, आवासन अधिकारी सीताराम गोठवाल, रामनारायण जाबडोलिया, कन्हैयालाल पालीवाल, नरेन्द्र कुमार, मुकेश तंवर आदि अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

### छह वर्षीय एक बच्ची से स्कूल बस कंडेक्टर ने की छेड़छाड़

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में छह वर्षीय एक बच्ची से स्कूल बस कंडेक्टर द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि स्कूल बस में खेलने के बहाने बुलाकर आरोपी कंडेक्टर गलत हरकत करता और मोबाइल दिखाने के साथ बच्ची से मारपीट भी करता है। इस संबंध में पीडिता के पिता ने थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा के रहने वाले एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी छह वर्षीय बेटी करधनी इलाके में स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से स्कूल बस का कंडेक्टर उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। खेलने के बहाने आरोपी उसे बस में पीछे सीट पर ले जाकर छेड़छाड़ करता है। बच्ची के साथ वह मारपीट भी करता है। घर पहुंची मासूम ने बस कंडक्टर की हरकत के बारे में परिजनों को बताया। स्कूल बस कंडक्टर की करतूत का पता चलने पर बच्ची के पिता ने थाने मामला दर्ज करवाया।

### गुमशुदा बालिका को पुलिस ने 8 घंटे में परिजनों को सुपुर्द किया

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने रहस्मय तरीके से लापता हुई नाबालिग बालिका को महज 8 घंटे में दस्तयाब कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्दे कर राहत की सास ली है। पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी आईपीएस ने बताया ने 13 अप्रेल को परिवादी समशुदीन पुत्र फियाजुद्दीन आजाद कॉलोनी, सुदामापुरी, नारी का नाका शास्त्री नगर निवासी ने मामला दर्ज कराया था कि उसकी 10 वर्षीय बेटी समशुदा घर के बाहर खेल रही थी। जो अचानक से कहीं चली गई। मामला दर्ज कर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार बच्ची के रुट का पता कर महज उसे 8 घंटे में दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्दे कर दिया।

### राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस आज से

**जयपुर।** इस वर्ष प्रदेश में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह 16 अप्रैल को राज्य स्तर, रेंज, जिला, यूनिट, प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर हर वर्ष की भाँति धूमधाम से मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी में किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह की श्रृंखला में 15 अप्रैल को बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिनके विजेता एवं उनके अभिभावकों को बुधवार को मुख्य समारोह में आमंत्रित किया जायेगा। 15 व 16 अप्रैल को सभी पुलिस कार्यालयों व परिसरों में सफाई व पौधारोपण किया जाएगा। डीजीपी साहू ने बताया कि चयनित थानों में स्कूल के बच्चों का भ्रमण व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर, पुलिस लाईन आयुक्तालय, जयपुर व जयपुर ग्रामीण पुलिस लाईन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में जयपुर स्थित पुलिस कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों व स्वयंसेवकों के द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जाए। साहू ने बताया कि राज्य में रेंज मुख्यालय, जिला, यूनिट एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार व बुधवार को स्वच्छता कार्यक्रम, पौधारोपण, रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# 'मजदूरों की हड़ताल को समर्थन देंगे देश के किसान'

**जयपुर।** अखिल भारतीय किसान सभा, जिला कमेटी, जयपुर की बैठक आज जिला अध्यक्ष भगवान भदाला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में राज्य संयुक्त सचिव डॉ. संजय "माधव" और भागीरथ नेतड़ उपस्थित रहे। बैठक में सबसे पहले संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुये पुष्पांजलि अर्पित की गई। बैठक में रिपोर्ट रखते हुये जिला सचिव भाग चंद सुंडा ने बताया कि अप्रेल में जिले में किसान सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी तहसीलों और ग्राम कमेटियों के स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए और किसान सभा के झंडे फहराए गये। सचिव ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि जयपुर ज़िले में 23 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किसान सभा का व्यापक सदस्यता अभियान चलाते हुये 25,000 सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया।

- 'सड़कों और विभिन्न योजनाओं के नाम पर किसानों की जमीनों के बिना समुचित मुआवजा दिए अधिग्रहण करने की किसान सभा द्वारा कड़ा विरोध किया जायेगा'

अखिल भारतीय किसान सभा, जिला कमेटी, जयपुर की बैठक सोमवार को जिला अध्यक्ष भगवान भदाला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुये राज्य संयुक्त सचिव डॉ.संजय माधव ने कहा कि किसान सभा ने निर्णय लिया गया है कि आगामी 20 मई को देश भर में होने वाली मजदूरों की राष्ट्रीय हड़ताल का देश के किसानों के द्वारा तन-मन-धन से समर्थन किया जायेगा। जयपुर में भी आंदोलन का समर्थन किया जायेगा।

डॉ. माधव ने कहा कि सरकार द्वारा सड़कों और विभिन्न योजनाओं के नाम पर किसानों की जमीनों के बिना समुचित मुआवजा दिए अधिग्रहण करने की किसान सभा द्वारा कड़ा विरोध किया जायेगा। अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण के ख़िलाफ़ आंदोलन किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा बिजली कानून, स्मार्ट मीटर और बिजली के निजीकरण के प्रयासों के ख़िलाफ़ आंदोलन की चेतावनी दी है। अखिल भारतीय किसान सभा की राज्य कमेटी के नेता का.भागीरथ नेतड़ ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा की राज्य कमेटी ने गैस-सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी का कड़ा विरोध करते हुये निर्णय वापस लेने की मांग की है। जिला कमेटी, जयपुर में भी केंद्र सरकार के निर्णय का विरोध किया जायेगा। बैठक में जिला सचिव भाग चंद सुंडा, विकास पूनिया, भगवान सहाय यादव, श्याम लाल धायल,देवा राम धायल,आरव अजीत सिंह आदि किसान नेताओं ने सम्बोधित किया।